पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशित: 01.09.2019 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**महर्षि दयानन्द जी के**
**बलिदान दिवस पर**
**भव्य संगीत संध्या**
**एक शाम ऋषि दयानन्द के नाम**
सोमवार, 28 अक्तुबर 2019,
सायं 4 से रात्री 8 बजे तक
दिल्ली हाट,पीतमपुरा,दिल्ली

वर्ष-36 अंक-07 भाद्रपद-2076 दयानन्दाब्द 196 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2019 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 01.09.2019, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 41 वें स्थापना दिवस पर 'राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन'

### आर्य समाज को फिर से समाज सुधार के कार्य को आगे बढ़ाना है– सांसद पदमश्री हंसराज हंस

### विदेशी घुसपेठियों को निकालना राष्ट्रीय अखण्डता के लिये आवश्यक– राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य



सांसद पदमश्री हंसराज हंस का अभिनन्दन करते ठाकुर विक्रम सिंह,अनिल आर्य,प्रवीन आर्या,प्रेमपाल शास्त्री, चन्द्रशेखर शर्मा, आचार्य अखिलेश्वर जी व स्वतन्त्र कुकरेजा।

रविवार, 1 सितम्बर 2019,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्,नई दिल्ली के 41 वें स्थापना दिवस पर योग निकेतन सभागार, पश्चिमी पंजाबी बाग,दिल्ली में ''राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन'' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के लगभग 12 प्रान्तों से 800 से अधिक आर्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि सांसद पदमश्री हंसराज हंस ने कहा कि आर्य समाज ने समाज सुधार में सदैव अग्रणी भूमिका निभायी है,अब नशे के विरूद्ध भी युवाओं को जनजागरण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द ने पाखण्ड–अन्धविश्वास के प्रति सचेत किया जिसके लिये आज फिर वैचारिक क्रान्ति करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज फिर समाज में कुरीतियों का बोलबाला हो रहा है, आर्य युवकों को चाहिए की वह इन कुरीतियों के खिलाफ आगे आकर जनचेतना लाने का कार्य करें।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि विदेशी घुसपैठ राष्ट्र की आज ज्वलन्त समस्या है,राष्ट्र की एकता व अखण्डता की रक्षा के लिये विदेशियों को निकालना राष्ट्र हित में आवश्यक है,उन्होंने कहा कि जब तक देश में जनसंख्या नियन्त्रण कानुन लागु नहीं किया जायेगा, तब तक सरकार की सभी विकास योजनाये बेमानी है । वर्ग विशेष की बढ़ती हुई आबादी सारे समीकरण बदल कर रख देगी, जब तक जागोगे तब कुछ हाथ नहीं लगेगा अतः समस्या की गम्भीरता को समय पर समझना अत्यन्त आवश्यक है।

वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी ने कहा कि आज आर्य समाज की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, महर्षि दयानन्द जी के जीवन चरित्र व आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है । चरित्रवान युवाओं पर ही समाज का भविष्य टिका हुआ है।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्य वेश ने कहा कि आज देश की 67 प्रतिशत आबादी युवाओं की है, लेकिन उनके लिए देश व समाज के पास कोई योजना नहीं है,हमें युवा पीढ़ी को पाखण्ड, अन्धविश्वास,गुरूडम वाद से बचा कर उनमें नैतिक शिक्षा,चरित्रवान,सदाचार,देशभक्ति,ईमानदारी,जातिवाद विहीन समाज की संरचना के लिए कार्य करना है। स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती ने कहा कि आर्य युवक परिषद् पिछले 40 वर्षो से आर्य समाज का सराहनीय कार्य कर रही है,मैं इसके लिये साधुवाद देता हूं।

समारोह की अध्यक्षता राष्ट्र निर्माण पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने की,उन्होंने कहा की महर्षि दयानन्द के आदर्शो पर चलकर ही भारत महाशक्ति बन सकता है। ओम् ध्वजारोहण शिक्षाविद संगीता चौधरी व राकेश चौधरी ने किया,उन्होंने युवा निर्माण के कार्यो की प्रशंसा करते हुए पूरा सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह का कुशल संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया।

आर्य नेता रवि चड्डा,सत्यानन्द आर्य,यशपाल आर्य(पार्षद), नरेन्द्र आर्य सुमन, उर्मिला आर्या, अनिता कुमार, शीला ग्रोवर, आर. पी. सूरी, डा. विपिन खेड़ा, अमरनाथ बत्रा, जगदीश मलिक, ओम सपरा, मनोज मान, यशोवीर आर्य, रामकुमार आर्य, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, राष्ट्रीय कवि प्रो. सारस्वतमोहन मनीषी, स्वामी श्रद्धानन्द जी (पलवल), महामन्त्री महेन्द्र भाई, धर्मपाल आर्य, रामकृष्ण शास्त्री (राजस्थान), सुभाष बब्बर (जम्मू), पं.धनेश्वर बेहरा (उड़ीसा), मित्रमहेशआर्य (अहमदाबाद), आचार्य भानुप्रकाश शास्त्री (इन्दौर), जितेन्द्रसिंह आर्य (फरीदाबाद), स्वतन्त्र कुकरेजा (करनाल), प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा (ग्वालियर), सूर्यदेव आर्य, योगेन्द्र शास्त्री (जीन्द), ईश आर्य (हिसार), आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, सुरेन्द्र कोहली, विश्वनाथ आर्य, दुर्गेश आर्य, अनिल मित्रा, जयप्रकाश आर्य (पलवल), अशोक जांगड़ (रोहतक), वेदप्रकाश आर्य, सोनिया संजु, राजेश मेहन्दीरता, प्रकाशवीर शास्त्री, नरेन्द्र कालरा, हरिचन्द आर्य, प्रेम छाबड़ा आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



योग निकेतन सभागार,पंजाबी बाग में आर्य जनता का सुन्दर द्रश्य

।। ओ३म् ।। स्थापित : 3 जून 1978



# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, दिल्ली (पंजी.)

बलमुपास्व

**संक्षिप्त वार्षिक-विवरण 2018-19**

## गत वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन

परिषद् का 40वाँ राष्ट्रीय आर्य युवा सम्मेलन रविवार, 9 सितम्बर 2018 को योग निकेतन सभागार, पश्चिमी पंजाबी बाग, दिल्ली में सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को स्वामी आर्यवेश (प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा), सांसद व शिक्षाविद् डॉ. सुशील गुप्ता, राष्ट्र कवि प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी, नरेन्द्र आर्य सुमन, डॉ. विवेक आर्य, आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, आचार्य संदीप दर्शनाचार्य, मनोहर लाल चावला (सोनीपत), यशपाल आर्य (पूर्व पार्षद), दर्शन कुमार अग्निहोत्री, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, रामकृष्ण शास्त्री (राजस्थान), सुभाष बब्बर (जम्मू-कश्मीर), धनेश्वर बेहरा (उड़ीसा), मित्र महेश आर्य (गुजरात), आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार (मध्य प्रदेश), स्वतंत्र कुकरेजा (हरियाणा), वीरेन्द्र योगाचार्य, आचार्य योगेन्द्र शास्त्री, आनन्द प्रकाश आर्य (हापुड़), प्रवीण आर्य (उत्तर प्रदेश), डॉ. दीपक सचदेवा, कमल आर्य (नागदा, म.प्र.), वीरेश भाटी (गौतमबुद्ध नगर), ओम सपरा, श्रीमती गायत्री मीना (नोएडा), प्रवीन आर्या, धर्मरक्षिता शास्त्री आदि ने सम्बोधित किया। समारोह का उद्घाटन माता पुष्पलता वर्मा ने ''ओ३म्'' ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर आर्य युवा रत्न अवार्ड वरूण आर्य, पवन सिंह, कुमारी प्रगति व सौरभ आर्य (यमुना नगर) व आर्य श्रेष्ठी अवार्ड से विजय आर्य (इंदिरापुरम), अमर सिंह सहरावत (दिल्ली) को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में सर्व सम्मति से 10 प्रस्ताव भी पारित किये गये **जिसमें मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35ए को अविलम्ब समाप्त करना प्रमुख था।** लगभग 1400 आर्यजनों ने सम्मेलन में भाग लिया।

## त्रिदिवसीय सत्यार्थ प्रकाश महोत्सव, उदयपुर (राजस्थान)

परिषद् का प्रतिनिधि मण्डल इस महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री अनिल आर्य जी के नेतृत्व में 6,7 व 8 अक्टूबर 2018 में भाग लिया जिसमें श्री महेन्द्र भाई जी, श्री रामकुमार सिंह आर्य, श्रीमती प्रवीन आर्या, आनन्द प्रकाश आर्य (हापुड़), कविता आर्या (दिल्ली) मुख्य रूप से थे। इस अवसर पर परिषद की ओर से श्रीमद् दयानन्द सत्यार्थ प्रकाश के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अशोक आर्य का अभिनन्दन किया गया।

## सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय अखण्डता यज्ञ

31 अक्टूबर 2018 को परिषद् के तत्वावधान में 143वीं सरदार पटेल जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के संसद मार्ग पर परिषद अध्यक्ष श्री अनिल आर्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय अखण्डता यज्ञ का आयोजन कर स्वतंत्र भारत के महान शिल्पीकार सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्होंने 565 रियासतों को भारत संघ में मिलाया, को श्रद्धाजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सैकड़ों आर्यसमाजियों ने देश की एकता और अखण्डता की रक्षा का संकल्प लिया।

## आर्य नेता श्री अनिल आर्य का जन्मोत्सव

14 नवम्बर 2018 को राष्ट्रीय अध्यक्ष व सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के उपाध्यक्ष श्री अनिल आर्य के जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज, अमर कालोनी, लाजपत नगर, नई दिल्ली में श्री जितेन्द्र डावर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश, मुख्य अतिथि सांसद मीनाक्षी लेखी, पं. लक्ष्मीकांत काण्डपाल (भजन गायक), अभिषेक दत्त (पार्षद), दर्शन कुमार अग्निहोत्री, रविदेव गुप्ता आदि सैकड़ों आर्यजन उपस्थित थे।

## 135वाँ महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस

परिषद् के तत्वावधान में 135वाँ महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस पीतमपुरा, दिल्ली हॉट में वीरवार, 8 नवम्बर 2018 को 11 कुण्डीय यज्ञ ब्रह्मा आचार्य गवेन्द्र शास्त्री व भजन श्री नरेन्द्र आर्य सुमन, अंकित उपाध्याय, श्रीमती प्रवीन आर्या ने प्रस्तुत किये। इस अवसर पर आर्यसमाज की 15 कर्मठ महिलाओं को ''आर्य महिला गौरव'' अवार्ड से सम्मानित किया गया। लगभग 900 उत्साही आर्यजन समारोह में सम्मिलित हुए।

## 92वाँ स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस

परिषद् के तत्वावधान में 92वाँ स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस 23 दिसम्बर-2018 को सांसद निवास, 20, विंडसर पैलेस, जनपथ, नई दिल्ली में वैदिक यज्ञ के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रवेश सिंह वर्मा, पूर्व केन्द्रीय खेलमंत्री श्री विक्रम वर्मा, शरद त्यागी आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

## 251 कुण्डीय यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

परिषद् का तीन दिवसीय 40वाँ वार्षिकोत्सव व 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ 1,2,3 फरवरी 2019 को पंजाबी बाग स्टेडियम, रिंग रोड, दिल्ली में सम्पन्न हुआ जिसमें विभिन्न प्रान्तों से लगभग 2500 उत्साही आर्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सम्मेलन के अंतर्गत प्रातः 8.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक निरन्तर 11 सत्र चले जिसमें मुख्य रूप से ''राष्ट्रीय एकता शोभायात्रा'' 251 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ, राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन, व्यायाम शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय युवा सम्मेलन, वेद-संस्कृत रक्षा सम्मेलन, राष्ट्र रक्षा सम्मेलन, संगीत संध्या, राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, शिक्षा-संस्कृति रक्षा सम्मेलन आदि मुख्य रहे। सम्मेलन में कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जनजागरण, तंबाकू-मांसाहार-नशा मुक्त समाज की संरचना, युवा पीढ़ी को संस्कार करने हेतु शिविर, आंतकवाद के विरूद्ध अभियान व समाज में बढ़ते पाखण्ड, अन्धविश्वास के विरूद्ध तीव्रगति से अभियान चलाने के निश्चय हुए। सुदर्शन न्यूज के मुख्य संपादक श्री सुरेश चव्हानके, स्वामी आर्यवेश जी, श्री दर्शन कुमार अग्निहोत्री, स्वामी चन्द्रवेश जी, यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य अखिलेश्वर जी, पूर्व महापौर सुभाष आर्य, डॉ. महेश विद्यालंकार, कैलाश सांकला (पार्षद), श्री जय भगवान गोयल, श्री रवि चड्डा, आचार्य सुभाष शास्त्री (बांगलादेश), गोपाल दुर्गा (अमेरिका), डॉ. लियो (फिलीपिन्स), गायत्री मीना (नोएडा), आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य (हजारी बाग), ओमप्रकाश यजुर्वेदी, स्वामी धर्ममुनि जी, ब्र. विश्वपाल जयन्त (उत्तराखण्ड), श्री सुभाष बब्बर (जम्मू-कश्मीर), रामकृष्ण शास्त्री (राजस्थान), स्वतंत्र कुकरेजा (हरियाणा), ईश आर्य (हिसार), आचार्या धर्मरक्षिता शास्त्री, विजय तोषनी वाल (कोटा), संतोष आर्य (पटना), यशपाल यश (जयपुर), श्री भानुप्रताप वेदालंकार (मध्य प्रदेश), शंकर देव आर्य (खांडवा), आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, डॉ. वीरपाल विद्यालंकार, आचार्य पुनीत, आचार्य नकुलदेव (उड़ीसा), डॉ. आनन्द कुमार(रिटायर्ड आईपीएस), मनोहर लाल चावला, हरिचन्द स्नेही (सोनीपत), मित्र महेश आर्य (गुजरात), अशोक तिवारी (लखनऊ), आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, उर्मिला आर्या, पूर्व महापौर महेश शर्मा आदि ने अपने ओजस्वी विचार रखे। आचार्य भानुप्रकाश शास्त्री (बरेली) के तीनों दिन मधुर भजन हुए। आर्ष कन्या गुरुकुल हजारीबाग की बालिकाओं द्वारा तीनों दिन वेद पाठ किया गया। 400 आर्य युवकों का कार्यकर्ता शिविर श्री योगेन्द्र शास्त्री, सौरभ गुप्ता व अरुण आर्य के नेतृत्व में लगा। परिषद् के सभी अधिकारियों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन को सफल बनाने में अथक पुरुषार्थ किया।

## पुलवामा में हुए हमले के विरुद्ध जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

परिषद् ने 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रचण्ड विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से मांग की कि आंतकवाद की जननी पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया जाये। प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृहमंत्री को ज्ञापन दिया। इस प्रदर्शन को आज तक, एबीपी न्यूज, जी न्यूज आदि कई चेनल्स व समाचार पत्रों ने कवर किया।

## 195वाँ महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव

परिषद् के तत्वावधान में 195वाँ महर्षि दयानन्द सरस्वती जन्मोत्सव शुक्रवार 1 मार्च 2019 को सांसद मीनाक्षी लेखी के निवास स्थान 14, महादेव रोड, नई दिल्ली में लगभग 300 उत्साही आर्यजनों के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, प्रदेश संगठन महामंत्री व भाजपा नेता श्री सिद्धार्थन, माया प्रकाश त्यागी, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, रविदेव गुप्ता, ओमप्रकाश यजुर्वेदी, पार्षद् सुभाष भड़ाना, कवि विजयगुप्त, आचार्य सुधांशु आदि ने अपने विचार रखें।

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 88वाँ बलिदान दिवस

परिषद् के तत्वावधान में शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव का 88वाँ बलिदान दिवस शनिवार 23 मार्च 2019 को ''राष्ट्र रक्षा यज्ञ व आंकतवाद विरोधी दिवस'' का आयोजन नई दिल्ली, के जंतर मंतर पर किया। सैकड़ो आर्यजनों ने इस में भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रकाशवीर शास्त्री ने राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए आहुतियां डलवाई। सैंकड़ो आर्यजनों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को ज्ञापन भी दिया गया।

## स्वामी दीक्षानन्द स्मृति समारोह

अग्निहोत्री धर्मार्थ ट्रस्ट के सौजन्य से 19 मई 2019 को वैदिक साधना आश्रम, तपोवन देहरादून में सौल्लास मनाया गया। परिषद् के तत्वावधान में दिल्ली से तीन बसों में लगभग 200 आर्यजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री अनिल आर्य ने कार्यक्रम का संयोजन किया। परिषद के आर्य युवकों ने सभी व्यवस्थाओं को सफलता के साथ संभाला।

## परिषद का स्थापना दिवस

परिषद् का 41वां स्थापना दिवस सोमवार, 3 जून 2019 को आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली में मनाया गया। इस अवसर पर कर्मठ कार्यकर्ता श्री सुदेश भगत व श्री रामचन्द्र सिंह का अभिनन्दन भी किया गया। वैदिक यज्ञ, संत्सग व भजन श्रीमती कविता आर्या, प्रवीन आर्या ने प्रस्तुत किये। स्थानीय निगम पार्षद श्रीमती गुड्डी देवी ने परिषद् के कार्यक्रमों को समाज को संगठित करने की प्रमुख कड़ी बताई।

## ग्रीष्म कालीन चरित्र-निर्माण शिविर

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 2019 में भी केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर 3 मई से 2019 से 30 जून 2019 तक भारत के उड़ीसा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, जम्मू व कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली आदि में 21 युवक व युवतियों के 'चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास' के आवासीय शिविरों का सफल आयोजन स्थानीय प्रान्तीय अधिकारियों व कर्मठ कार्यकर्ताओं के पुरुषार्थ से सम्पन्न हुए जिसमें लगभग 3500 आर्य युवकों व युवतियों ने योगासन, दण्ड बैठक, लाठी, बॉक्सिंग, जूडो कराटे, स्तूप, लेजियम, डम्बल आदि के प्रशिक्षण के साथ-साथ वैदिक विद्वानों के द्वारा दैनिक संध्या-यज्ञ, भाषण कला, नेतृत्व कला, भारतीय वैदिक संस्कृति की जानकारी, खान-पान, व्यवहार आदि की शिक्षा भी दी गई। 250 युवकों का राष्ट्रीय शिविर डॉ. अशोक कु0 चौहान, श्रीमती अमिता चौहान व श्री आनंद चौहान के सानिध्य में एमेटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 44 नौएडा व आर्य कन्या शिविर श्रीमती राज रानी अग्रवाल के सानिध्य में गीता भारती स्कूल, अशोक विहार व शिक्षक शिविर चौधरी ब्रह्मप्रकाश मान व मनोज मान के सानिध्य में गुरुकुल खेड़ा खुर्द में लगा। परिषद के शिविरों से शिक्षित होकर निकले आर्य युवक आज अनेक सरकारी पदों, निजी व शिक्षण संस्थाओं में रोजगार प्राप्त कर आर्य समाज का नाम रोशन कर रहे हैं।

**परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 7 जुलाई 2019 में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि टेलीविजन पर प्रयाग अकबर द्वारा लिखित पुस्तक ''लीला'' जिसकी निर्देशक दीपा मेहता है, पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की क्योंकि इस सीरियल में पुरातन आर्यो की संस्कृति को बदनाम करने का षड्यंत्र हैं जिससे नई पीढ़ी अपने इतिहास पर गर्व ना कर सके। राष्ट्र निर्माण पार्टी के तत्वावधान पर जंतर मंतर नई दिल्ली पर 12 जुलाई 2019 को इस विषय पर धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें परिषद के अधिकारी व कार्यकर्ताओं से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल किया। इस विषय पर प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को ज्ञापन दिया।**

## 20वाँ कारगिल विजय दिवस

परिषद के तत्वावधान में 20वें कारगिल विजय दिवस पर ''राष्ट्र रक्षा यज्ञ'' शुक्रवार 26 जुलाई 2019 को जंतर मंतर, नई दिल्ली पर श्री अनिल आर्य के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की गई तथा 15-16 समाचार पत्रों तथा टी.वी. चैनलों पर भी इस के समाचार छापे व दिखाये गये। सैकड़ों आर्यजनों ने पहुंच कर देश की एकता व अखण्डता की रक्षा का संकल्प लिया। **परिषद् ने सरकार से धारा 370 व 35ए को हटाने की मांग का ज्ञापन प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के नाम दिया।** ब्रह्मा आचार्य कंवरपाल शास्त्री ने यज्ञ कराया।

**तथाकथित बुद्धिजीवियों का भीड़ हिंसा के प्रति किसी वर्ग व जाति विशेष को जोड़ने के अनर्गल प्रलाप के विरुद्ध परिषद ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आर्यजनों के हस्ताक्षर के साथ पत्र भेजा। देश में अनेकों घटनायें हुई है जिसमें हिंदु समुदाय के लोग पीड़ित हुए हैं उनके पक्ष में किसी ने सहानुभूति की आवाज नहीं उठाई।**

**जम्मू व कश्मीर में लागू संविधान की धारा 370 व 35ए को हटाने के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के साहसिक निर्णय का परिषद अभिनंदन करती है। यह मांग परिषद अनेक वर्षो से करती आ रही थी।**

## श्रावणी पर्व - युवा संस्कार अभियान

गत वर्षो की भांति इस वर्ष 2019 की श्रावणी पर्व पर परिषद् के तत्वावधान में युवा संस्कार अभियान श्री अनिल आर्य के कुशल नेतृत्व में 10 अगस्त से 18 अगस्त 2019 तक चलाया गया। चौराहों, विभिन्न स्कूलों, पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित किये गये 44 कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 5 हजार युवक-युवतियों को यज्ञोपवीत से दीक्षित किया गया तथा उन सभी को शराब आदि नशीले पदार्थों का सेवन न करने, अण्डा-मांस आदि अभक्ष्य पदार्थो का सेवन न करना, माता-पिता-गुरुओं का सम्मान व सेवा करना व उनके आदेशों का पालन करना तथा प्रत्येक रविवार को आर्य समाज के सत्संग में जाने, जल संरक्षण व उसका सदुपयोग तथा जीवन में कम से कम एक वृक्ष के लगाने का संकल्प दिलवाया गया।

अंत में गत सितम्बर 2018 से 31 अगस्त 2019 तक उन सभी दिवंगत आत्माओं व भारतीय सेना के शहीद हुए सभी सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि जिन्होंने आर्यसमाज के उद्देश्यों के प्रचार प्रसार व राष्ट्रोत्थान व राष्ट्र रक्षा के लिए अपना तन-मन-धन न्यौछावर कर दिया।

सभी संन्यासियों, विद्वानों, दानदाताओं, सहयोगियो, कर्मठ कार्यकर्ताओं व अधिकारियों तथा विशेषकर **शिक्षाविद् डॉ. अशोक कु0 चौहान, श्री आनन्द चौहान, श्री दर्शन अग्निहोत्री, ठाकुर विक्रम सिंह** आदि महानुभावों का आभार व धन्यवाद करना चाहता हूँ जिनके अथक निस्वार्थ प्रयासों से सभी आयोजन सफलता व नये उत्साह के साथ सम्पन्न हुए।

-महेन्द्र भाई (राष्ट्रीय महामंत्री)

**E-mail : aryayouthn@gmail.com** मो. 7703922101, 011-22328595





सांसद प्रवेश वर्मा का स्वागत करते अनिल आर्य, अरूण आर्य व प्रवीन आर्या। द्वितीय चित्र–आचार्य अखिलेश्वर जी का स्वागत करते आचार्य गवेन्द्र शास्त्री व अनिल आर्य।



सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्य वेश जी का अभिनन्दन करते अनिल आर्य,धर्मपाल आर्य, भानुप्रताप वेदालंकार (इन्दौर), आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा (ग्वालियर), सौरभ गुप्ता, रामकुमार आर्य, स्वामी श्रद्धानन्द जी व स्वतन्त्रा कुकरेजा।





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जम्मु कश्मीर के अध्यक्ष सुभाष बब्बर व महामंत्री रमेश खजुरिया का अभिनन्दन करते अनिल आर्य, दुर्गेश आर्य,स्वामी आर्यवेश जी व धर्मपाल आर्य। द्वितीय चित्र–केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हरियाणा प्रान्तीय अध्यक्ष स्वतन्त्र कुकरेजा (करनाल) व ईश आर्य (हिसार) का अभिनन्दन करते अनिल आर्य व वेदप्रकाश आर्य।





स्वामी प्रणवानन्द जी सरस्वती का अभिनन्दन करते आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, अनिल आर्य, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, ईश आर्य,धर्मपाल आर्य, डा.विपिन खेड़ा, वेदप्रकाश आर्य,स्वामी सौम्यानन्द व यशोवीर आर्य ।






समाजसेवी श्रीमती संगीता चौधरी व श्री राकेश चौधरी का अभिनन्दन करते प्रवीन आर्या व अनिल आर्य। द्वितीय चित्र में श्री वेद भगत व श्री देवेन्द्र भगत का अभिनन्दन करते अनिल आर्य आर्य, वेद प्रकाश आर्य, स्वतन्त्र कुकरेजा व राम कुमार सिंह।


ठाकुर विक्रम सिंह जी व द्वितीय चित्र–आर.पी.सूरी व सुनील सहगल का स्वागत का स्वागत करते स्वामी आर्यवेश जी व अनिल आर्य,तृतीय चित्र में दर्शन अग्निहोत्री जी

परिषद् के कर्मठ सहयोगी अनिल मित्रा का स्वागत करते अनिल आर्य,प्रवीन आर्या,रामकुमार आर्य,धर्मपाल आर्य,ईश आर्य(हिसार) व जितेन्द्रसिंह आर्य (फरीदाबाद)।
द्वितीय चित्र–श्री कस्तुरीलाल मक्कड़ व रवि चड्डा का स्वागत करते जगदीश मलिक,अनिल आर्य व पार्षद यशपाल आर्य।




राष्ट्रीय कवि प्रो.सारस्वतमोहन मनीषी का स्वागत करते विनोद कुमार (जयपुर), अनिल आर्य,वीरेन्द्र आहुजा,ओम सपरा व मित्रमहेश आर्य (अहमदाबाद)।
द्वितीय चित्र–प्रवीन आर्य (गाजियाबाद) का स्वागत करते स्वामी प्रणवानन्द जी,आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री,वेदप्रकाश आर्य,रामकुमार आर्य।




समाजसेवी सुरेन्द्र कोहली का स्वागत करते अनिल आर्य,नरेन्द्र कालरा,रवि छिकारा,बलराज सेजवाल व महेन्द्र भाई।
द्वितीय चित्र में श्री हंसराज हंस के साथ अरूण आर्य व सौरभ गुप्ता

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली ''राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन'' में पारित प्रस्ताव

1. यह सभा जम्मु कश्मीर से धारा 370 हटाने पर प्रसन्नता व्यक्त करती है और केन्द्र सरकार को इस सराहनीय कार्य के लिये हार्दिक बधाई देती है
2. देश में बढ़ती हुई अन्धविश्वास व पाखण्ड की घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करती है,आर्य समाज की युवा शक्ति को आह्वान करती है कि इसके विरूद्व व्यापक जनजागरण अभियान चलाये । इलेक्ट्रोनिक्स चैनल से अनुरोध करती है कि वह समाज हित में भ्रामक विज्ञापन न दिखायें ।
3. यह सभा केन्द्र सरकार से मांग करती है कि पूरे देश के लिये समान आचार संहिता लागू की जाये अलगाववाद व आंतकवाद पूरी मानवता के लिये खतरा है,इसके पोषक तत्वों व संरक्षकों को सख्ती से कुचला जाये और विदेशी घुसपेठियों को देश से बाहर निकाला जाये ।
4. गौ हत्या पर पूरे भारत में प्रतिबन्ध लगाया जाये और गौ हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दी जाये ।
5. आज की शिक्षा पद्धति में अत्यन्त सुधार की आवश्यकता है, उसमें नैतिकता, देश भक्ति की भावना, मानवीय गुणों का समावेश किया जाये जिससे चरित्रवान, संस्कारित, देश भक्त युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके ।
6. कोई किनता भी करे परन्तु स्वदेशी राजा सर्वोतम होता है इसी भावना को लेकर स्वदेशी,संस्कृत और हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन के लिय कार्य प्रणाली विकसित की जाये ।
7. शराब व नशे की चीजें समाज के लिये घातक हैं,युवा पीढ़ी इससे बर्बाद हो रही है इससे उन्हें बचाने के लिय अधिकाधिक कार्य किया जाये और नशे के प्रचार विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया जाये ।
8. शिक्षा पद्धति को रोजगार मूलक बनाया जाये जिससे युवा सम्मान पूर्वक रोजगार कर सकें और जातिगत आधार पर किसी भी प्रकार का आरक्षण समाप्त किया जाये । गुरूकुलीय शिक्षा पद्धति व्यक्ति को शिक्षा के साथ साथ संस्कार प्रदान करती है उसे प्रोत्साहन देने की कार्य योजना बनायी जाये ।
9. देश के कई हिस्सों में हिन्दुओं पर हिंसा, अत्याचार व लह जिहाद की घटनायें बहुसंख्यक समाज के साथ अन्याय है, जहां हिन्दू अल्पसंख्यक है वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।
10. जनसंख्या नियन्त्रण कानून लागू किया जाये,वर्ग विशेष की बढ़ती संख्या एक नये पाकिस्तान को जन्म देगी,अतः हम दो हमारे दो तो सबके दो का सिद्वान्त अपनाया जाये।

भवदीयः–

अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष — महेन्द्र भाई, राष्ट्रीय महामंत्री

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970